>

Title: Need to undertake the expansion of Sone Canal and North Koel canal in order to provide irrigation facilities to farmers in Gaya Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री हरी माझी (गया): मैं सदन का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र गया, बिहार की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान दिलाना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र गया से सटे पश्चिम क्षेत्र औरंगाबाद जिला में सोन नहर एवं उत्तरी कोयल नहर से सिंचाई होती है जबकि गया में सिंचाई की कोई पक्की व्यवस्था नहीं है और इसके कारण अनेकों एकड़ भूमि सिंचाई के अभाव में बंजर पड़ी हुई है।

मैं माननीय जल संसाधन मंत्री जी से मांग करता हूं कि उपरोक्त दोनों नहरों का विस्तार किया जाए और गया जिला के किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाए। इन नहरों के विस्तार से सैकड़ों किसानों की भूमि की सिंचाई हो सकेगी।